# कार्यालयः— प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

Telephone No. 07856-252545 Fax No. 07856-252021 E-mail id dantewada.court@nic.in

## ।। आवश्यक सूचना ।।

क्रमांकः— 06/भर्ती समिति/2025 दंतेवाड़ा दिनांक 04/11/2025

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थापना के अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा हेतु **कार्यालय सहायक/क्लर्क के रिक्त 01 पद (संविदा) एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के रिक्त 02 पद (संविदा)** की पूर्ति हेतु दिनांक 11.10.2025 को कौशल/दक्षता परीक्षा आयोजित किया गया था, चूंकि समिति द्वारा दिनांक 23.09.2025 को जारी आवश्यक सूचना की कंडिका 09 का पालन नहीं होने से उक्त कौशल/दक्षता परीक्षा स्थगित किया गया था, उक्त सूचना पर से पुनः अंतिम पात्र सूची में से सभी अभ्यर्थियों की कौशल/दक्षता परीक्षा निम्नानुसार लिया जायेगाः—

**परीक्षा की समय सारणी**

| परीक्षा का नाम | परीक्षा केन्द्र का नाम | परीक्षा का दिनांक व दिन | परीक्षा का समय |
|---|---|---|---|
| **कौशल परीक्षा** (कार्यालय सहायक/क्लर्क) | **जिला न्यायालय परिसर, दंतेवाड़ा** | **दिनांक—23.11.2025 (रविवार)** | **सुबह समय 09:00 बजे से 11:00 बजे तक** |
| **दक्षता परीक्षा** (भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) | **जिला न्यायालय परिसर, दंतेवाड़ा** | **दिनांक—23.11.2025 (रविवार)** | **दोपहर समय 12:00 बजे से 01:00 बजे तक** |

**परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देशः—**

1. विज्ञापन की शर्त के अनुसार कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) की दक्षता परीक्षा का कुल 25 अंक निर्धारित है। विज्ञापन के कंडिका 5 के उप कंडिका "अ" के अनुसार कार्यालय सहायक/क्लर्क पद हेतु कौशल परीक्षा हेतु 100 अंक निर्धारित। उम्मीदवारों को 250 शब्द का हिन्दी गद्यांश दिया जावेगा, जिसे 10 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कंप्यूटर पर टाईप करना होगा।
2. परीक्षार्थी परीक्षा दिनांक को अपनी पहचान के संबंध में आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/मतदाता परिचय पत्र/पासपोर्ट इत्यादि आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर उपस्थित रहेंगे।
3. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

4. प्रवेश पत्र का प्रारूप अपलोड किया गया है, जिसे डाउनलोड कर कौशल/दक्षता परीक्षा तिथि को परीक्षार्थी को लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आएगें। परीक्षार्थियों को पृथक से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जावेगा।

5. पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक (रोल नंबर) की जानकारी परीक्षार्थी जिला न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के वेबसाईट से प्राप्त करें। परीक्षार्थी परीक्षा के उत्तर पुस्तिका में नाम व अनुकमांक हेतु केवल काले अथवा नीले बाल पेन का ही उपयोग करेंगे।

6. प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चस्पा कर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी अपने साथ एक अतिरिक्त फोटो आवश्यक रूप से लावें।

7. परीक्षार्थी को परीक्षा के दिन पर्यवेक्षक के समक्ष ही प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर करना होगा।

8. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र, कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्कुलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लू टूथ एवं पेन ड्राइव आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अभ्यर्थी द्वारा लाये गये सामान के रख रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा के वेबसाईट **https://dantewada.dcourts.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

04/11/25

अध्यक्ष<br>
भर्ती समिति<br>
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश<br>
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

# कार्यालय :– जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## –: प्रवेश पत्र :–

**विज्ञापन कमांक 459/LADCS/2025 दंतेवाड़ा दिनांक 23.07.2025**

(एल.ए.डी.सी.एस. के स्टाफ भर्ती हेतु)

## कार्यालय सहायक/क्लर्क/कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के पद हेतु।

| |
|---|
| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नाम एवं दिनांक सहित |

आवेदक का पंजीयन कमांक :– ..........................................

परीक्षार्थी का अनुकमांक :–– ..........................................

आवेदित पद का नाम :– ..........................................

अभ्यर्थी का नाम :– ..........................................

पिता/पति का नाम :– ..........................................

जन्मतिथि अंको में :– ..........................................

परीक्षा तिथि :– ..........................................

समय :– ..........................................

परीक्षा केन्द्र :– ..........................................

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

**कार्यालयीन उपयोग हेतु**

**अध्यक्ष**
**भर्ती समिति**
**कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
**दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

**परीक्षार्थी के लिए अनुदेश:–**

1. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
2. परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को अपना प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा में केवल काले अथवा नीले पेन का ही उपयोग करेंगे। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आएगें। पृथक से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जावेगा। आवेदन पत्र के पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक की जानकारी परीक्षार्थी जिला न्यायालय के वेबसाईट https://dantewada.dcourts.gov.in में प्राप्त करें।
3. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र, कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्कुलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लू टूथ एवं पेन ड्राइव आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा, जिसके लिये परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
4. प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चिपकाना/चस्पा करना अनिवार्य है। एक अतिरिक्त फोटो साथ लेकर आवश्यक रूप से लावें।
5. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर केवल परीक्षा के दिन, परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक के समक्ष ही करें।